# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा, जिला–रायपुर (छत्तीसगढ़)

Email id :- govt.girlsclg.gobra@gmail.com
Web Site: www.girlsgobra-nawaparaclg.edu.in

दिनांक 18 / 08 / 2025

## / /सूचना/ /

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के B.A., B.Com., B.Sc. प्रथम ,तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय वर्ष, के समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 19 / 08 / 2025 दिन–मंगलवार को महाविद्यालय में समय :– 11:00 **बजे NEP-2020** (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) के तहत **दीक्षारंभ कार्यक्रम B.A., B.Com., B.Sc. प्रथम सेमेस्टर** के छात्राओं के लिए आयोजित किया जायेगा, जिसमें समस्त छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

आदेशानुसार प्राचार्य।

डॉ. रागिनी तिवारी
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)
**NEP Implementation Cell Coordinator**

प्राचार्य
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गोबरा–नवापारा
जिला–रायपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गोबरा–नवापारा
जिला–रायपुर (छ.ग.)

2025/10/25 13:02

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गोबरा-नवापारा

जिला-रायपुर ( छ.ग. )

विकसित भारत अभियान
1947 TO 2047

## दीक्षारंभ कार्यक्रम

सत्र 2025-26

Student Induction Program

आपको आमंत्रित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि

**शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गोबरा -नवापारा**

में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत

दिनांक 19/08/2025,दिन-मंगलवार

"दीक्षारंभ कार्यक्रम ( इंडक्शन प्रोग्राम )"

आयोजन सुनिश्चित किया गया है, जिसमें

: मुख्य अतिथि :

**मान. श्री इन्द्र कुमार साहू जी**

( विधायक अभनपुर-विधानसभा क्षेत्र )

के आतिथ्य में संपन्न होगा।

इस समारोह में आपकी गरिमामयी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है....

## : कार्यक्रम :

दिनांक 19/08/2025,दिन-मंगलवार

समय - 12:00 बजे से

-संयोजक-

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020**
**क्रियान्वयन प्रकोष्ठ**

डॉ. रागिनी तिवारी
सहायक प्राध्यापक ( वाणिज्य )

**सदस्य**

श्री विक्रांत सिंह गावस्कर
सहा.प्राध्यापक ( अंग्रेजी )
श्रीमती खुशबू कश्यप
सहा.प्राध्यापक ( वनस्पति शास्त्र )
डॉ. टिशा डे
सहा.प्राध्यापक ( भूगोल )

**प्राचार्य**

डॉ. ( श्रीमती ) मधु श्रीवास्तव
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
गोबरा-नवापारा
जिला-रायपुर ( छ.ग. )


कीय कन्या उच्चतर
गोबरा-नवापारा, विकासखण्ड-
राष्ट्रीय शि
20
शासकीय


शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
गोबरा-नवापारा , विकासखण्ड-
रायपुर (छत्तीसगढ़)
संस्था का स्थापना वर्ष-1972 .
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
(NEP 2020)
दीक्षारंभ कार्यक्रम
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
Govt. Naveen Girls College
Gobra Nawapara


GPS Map Camera
Navapara, Chhattisgarh, India
Xrfv+h27, Navapara, Chhattisgarh 493881, India
Lat 20.974012° Long 81.842415°
19/08/2025 01:44 PM GMT +05:30
Google


गोबरा-नवापारा
(NEP 2020)
GPS Map Camera
Navapara, Chhattisgarh, India
Xrfv+h27, Navapara, Chhattisgarh 493881, India
Lat 20.974038° Long 81.842518°
19/08/2025 01:35 PM GMT +05:30
Google

# दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत, दी गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी

**अमृत संदेश** । नवापारा राजिम

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में दीक्षारंभ समारोह का गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभनपुर विधानसभा के विधायक इंद्र कुमार साहू थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, नागेंद्र वर्मा, महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष लोमेश्वरी साहू, साथ ही जनभागीदारी समिति के सदस्यगण अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । दीक्षारंभ समारोह का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के




विभिन्न प्रावधानों से छात्राओं को अवगत कराना रहा । नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर तथा पेन भेंट कर स्वागत किया गया । मुख्य अतिथियों का पौधा तथा स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया ।

मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति से होने वाले बदलाव को रोजगारोन्मुख व कौशल उन्मुख बताया । उन्होंने कहा कि इस बदलाव से महाविद्यालय का पाठ्यक्रम एक सीमित क्षेत्र से बाहर आ बहुअनुशासनिक हो गया है । इसमें कौशल तथा बहुविषयक ज्ञान का समन्वय हो गया है, जिससे अब रोजगार के ज्यादा अवसर मिलेंगे। उन्होंने शुभकामना दी कि नगर के एकमात्र कन्या महाविद्यालय से नगर की बेटियाँ आत्मनिर्भर बन परिवार तथा देश का नाम रौशन करें । हम सभी देख सकते हैं कि देश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जो कि एक सकारात्मक संकेत है और महिला सशक्तीकरण का द्योतक है । संस्था की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों, लक्ष्य, सेमेस्टर प्रणाली, सेमेस्टर के दौरान लिए जाने वाले सतत आंतरिक मूल्यांकन, पाठ्यक्रम, क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-मल्टीपल एग्जिट, रिसर्च विथ आनर्स, विभिन्न संकायों के लिए जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स, वैल्यू एडिशन कोर्स, स्किल इन्हेंसमेंट कोर्स, प्रोग्राम के आउटकम्स के बारे में विद्यार्थियों को क्रमवार जानकारी दी ।

# दीक्षारंभ समारोह: नवप्रवेशित छात्राओं को दी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी

**नवापारा-राजिम @ पत्रिका.** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में दीक्षारंभ समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष लोमेश्वरी साहू और समिति के सदस्य शामिल हुए।

समारोह का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से अवगत कराना था। नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पेन भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न व पौधा देकर किया गया तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। साहू ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति को रोजगारोन्मुख एवं कौशल उन्मुख बताया। उन्होंने कहा कि यह नीति



बहुअनुशासनिक शिक्षा को बढ़ावा देती है और इससे बेटियों के लिए रोजगार व आत्मनिर्भरता के अवसर बढ़ेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव ने छात्राओं को नई शिक्षा नीति के सेमेस्टर प्रणाली, सतत आंतरिक मूल्यांकन, क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, रिसर्च विथ आनर्स, स्किल इन्हेंसमेंट कोर्स व प्रोग्राम आउटकम्स सहित विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी।

इससे पूर्व एक सप्ताह तक चले इंडक्शन प्रोग्राम में संयोजक डॉ. रागिनी तिवारी एवं समिति के सदस्यों ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। कॉलेज में बीए से सिंपल गिलहरे, बीएससी से डॉली साहू और बीकॉम से लता कौशिक को एनईपी एंबेसेडर नियुक्त किया गया।


GPS Map Camera
Navapara, Chhattisgarh, India
Xrfv+h27, Navapara, Chhattisgarh 493881, India
Lat 20.974293° Long 81.842652°
19/08/2025 01:46 PM GMT +05:30
Google